संख्या–**cm-23**
09/01/2021

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कॉग्रेस नेता माधव सिंह सोलंकी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 09 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कॉग्रेस नेता माधव सिंह सोलंकी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक–संदेश में कहा है कि माधव सिंह सोलंकी एक प्रख्यात राजनेता थे। गुजरात के साथ–साथ देश की राजनीति में उनका बहुमूल्य योगदान रहा है। वे चार बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे साथ ही वे भारत के विदेश मंत्री भी रह चुके थे। उनके निधन से न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश की राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर–शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******